मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 45 ■ अंक : 189 ■ रविवार 19 अक्टूबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# महायुति में सियासी घमासान

## ■ शिंदे गुट की चुनौती पर भाजपा का पलटवार



**कल्याण.** शिवसेना शिंदे गुट द्वारा गठबंधन न होने पर बाधा डालने की चुनौती का अब भाजपा ने कड़ा जवाब दिया है। जब-जब भी आपने अकेले चुनाव लड़ा है, आपको हार का सामना करना पड़ा है. इसके कई उदाहरण हैं। इसलिए, भाजपा को हराने की बात न ही करो. ऐसी चेतावनी पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र पवार ने दी है.

शिवसेना शिंदे गुट के कल्याण मुरबाड जिला प्रमुख अरविंद मोरे ने एक कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा था, 'आप आएंगे तो हम आपके साथ आएंगे.. अगर आप नहीं आएंगे तो हम पटखनी देंगे.' उन्होंने कार्यकर्ताओं से मनपा चुनाव अपने दम पर लड़ने के लिए तैयार रहने की अपील भी की। अंबरनाथ विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने चेतावनी दी, 'अगर गठबंधन टूटता है, तो हमारे पास भी भाजपा कार्यकर्ता हैं। समय आने पर हम उन्हें अपने साथ ले जाएंगे।' इसके बाद भाजपा ने भी शिंदे गुट को कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र पवार ने कहा, 'शिंदे गुट के जिला प्रमुख अरविंद मोरे कम पढ़े-लिखे हैं। जब गठबंधन हुआ था, तब हमारे कई उम्मीदवार आपके विश्वासघात का शिकार हुए थे। मैं भी इसका शिकार हुआ हूँ। और जब भाजपा अपने दम पर लड़ी थी, तब आप ही अलग खड़े थे। इसलिए डॉ. बालाजी किणीकर भी गठबंधन की वजह से विधायक बने, ऐसा उन्होंने भी कहा।

अगर भाजपा ने गठबंधन धर्म नहीं निभाया होता, तो आप जानते हैं कि आपकी क्या स्थिति होती। डॉ. श्रीकांत शिंदे भी गठबंधन की वजह से सांसद बने थे। गठबंधन मत करो, फिर देखो क्या होता है, अलग खड़े होने की बात क्यों करते हो, उन्होंने भी कड़े शब्द कहे। 'केंद्र और राज्य में हमारा गठबंधन है। यह मनपा में भी होगा। गठबंधन से आपको फायदा हुआ है। इसलिए, फायदा होने के बाद भाजपा को अलग करने की बात मत करो, गठबंधन में नमक का एक दाना भी मत फेंको,' नरेंद्र पवार ने अपील की।

# कालानी-इदनानी ने किया चुनाव का आगाज

### पैनल 9 में युवा नेता आकाश सुमित चक्रवर्ती ने वार्ड वासियों के साथ मनाई दीवाली

## ■ जरूरतमंदों में राशन वितरण



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव का आगाज पूर्व विधायक पप्पू कालानी व साई पक्ष प्रमुख जीवन इदनानी ने एक साथ एक मंच पर आकर कर दिया है। उनके एक साथ आने से शहर में राजनीतिक माहौल में हलचल तेज हो गई है। इन दोनों के बीच की कड़ी उद्योगपति सुमित चक्रवर्ती कार्यक्रम का मार्गदर्शन कर रहे थे।



ज्ञात हो कि आगामी मनपा चुनाव में पैनल 9 से आकाश चक्रवर्ती, जीवन इदनानी व कुमारी ठाकुर इस वार्ड से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पैनल 9 में युवा नेता आकाश चक्रवर्ती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में टीओके व साई पक्ष के सभी नेता व पदाधिकारी उपस्थित थे। युवा नेता आकाश चक्रवर्ती ने पैनल 9 के जरूरतमंद महिलाओं में राशन का वितरण किया गया। सैकड़ों की संख्या में शामिल महिलाएं जिसमें ज्यादातर विधवा थी उनमें राशन का वितरण का उनके साथ दिवाली मनाई। करीब 1 हजार महिलाओं ने इसमें भाग लिया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक पप्पू कालानी, साई पक्ष प्रमुख जीवन इदनानी, पूर्व नगरसेवक नरेंद्र कुमारी ठाकुर, नवीन दुधानी, जनक इदनानी, सुनील सिंह कलवा, प्रभु लहाने सहित पैनल 9 के वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# स्कूटी को ट्रक ने मारी टक्कर

## ■ बड़े भाई की मौत, छोटा भाई घायल,
## ■ संयोग से पिता बच गए

उल्हासनगर. कैंप क्रमांक-1 मुरबाड रोड पर शुक्रवार शाम 5 बजे एक टाटा हाईवा ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे 18 वर्षीय युवक की कुचलकर मौत हो गई। जबकि छोटा भाई घायल हो गया। गनीमत रही कि पिता बच गए और उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



किरण परशुराम चव्हाण शुक्रवार शाम 4 बजे उल्हासनगर कैंप क्रमांक-1, शहाड-मुरबाड रोड से अपने बेटों तनिष और पीयूष के साथ स्कूटी से कल्याण स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार टाटा हायवा ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 18 वर्षीय तनिष की मौके पर ही कुचलकर मौत हो गई। जबकि 16 वर्षीय पीयूष गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि किरण चव्हाण इस हादसे में बच गए। बताया जा रहा है कि तीनों शहर में खरीदारी करने आए थे। दुर्घटना के संबंध में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में टाटा हाइवा वाहन के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना से हर जगह हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोग शहाड़ पुल और मुरबाड रोड के काम में तेजी लाने की मांग कर रहे हैं।

# राकांपा बनाम महानगर पालिका में टकराव जारी

## ■ उल्हासनगर में सड़क नापने को लेकर नागरिकों एवं व्यापारियों में आक्रोश





**उल्हासनगर.** कैंप 5 में सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर विवाद अब गहरा गया है। शुक्रवार को हुए बवाल के बाद प्रशासन ने दोबारा कार्यवाही शुरू की. जैसे ही अधिकारियों ने उसी स्थान पर दोबारा नापना शुरू किया, नागरिकों और व्यापारियों में गुस्से की लहर दौड़ गई। राकांपा अजित पवार गुट के शहर अध्यक्ष भरत गंगोत्री और महानगर पालिका वार्ड अधिकारी अलका पवार के बीच टकराव जारी है।

शुक्रवार को उल्हासनगर कैंप 5 में संत स्वामी शांतिप्रकाश प्रतिमा के पास सड़क काटने की निशानदेही के दौरान राकांपा अजित पवार गुट के जिला अध्यक्ष भरत गंगोत्री और महानगर पालिका वार्ड अधिकारी अलका पवार के बीच तीखी बहस के बाद अधिकारियों को कार्रवाई छोड़कर वापस लौटना पड़ा। हालांकि, मंगलवार सुबह प्रशासन फिर से उस स्थान पर पहुंचा और सड़क की नापने का काम शुरू कर दिया।

इस नए कदम से नागरिकों और व्यापारियों में फिर से रोष व्याप्त हो गया। नगर पालिका के तीनों विभागों, नगर नियोजन, लोक निर्माण और वार्ड समिति क्रमांक 4 के अधिकारी और कर्मचारी सुबह ही मौके पर पहुँच गए। उन्होंने सड़क का केंद्र निर्धारित करने और दोनों तरफ समान दूरी रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नेताजी चौक और कुर्ला कैंप के बीच एमएमआरडीए के फंड से इस सड़क का कंक्रीटीकरण किया जा रहा है।

### 30 मीटर की सड़क अब 22 मीटर की?

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने प्रशासन पर 'सड़क की चौड़ाई कम कर दी गई है' का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 'पहले यह सड़क 30 मीटर चौड़ी होनी थी, लेकिन अब अचानक इसे घटाकर 22 मीटर कर दिया गया है।' हमारी दुकानों के सामने बिना किसी पूर्व सूचना के मार्किंग की जा रही है। दिवाली की पूर्व संध्या पर अचानक हुई इस कार्रवाई से व्यापारियों में बेचैनी है। कुछ लोगों का कहना है कि यह 'विकास के नाम पर परेशानी' है।

# पटाखा दुकान पर छापा


उल्हासनगर. दिवाली की पूर्व संध्या पर उल्हासनगर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। विट्ठलवाड़ी पुलिस ने शहर के सी-रॉक पैलेस बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर 40 लाख रुपये के अवैध पटाखों का जखीरा जब्त कर पटाखा व्यापारी और भाजपा नेता विक्की गुरनानी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

उल्हासनगर शहर हर साल दिवाली के दौरान अपने बड़े पटाखा बाजार के लिए जाना जाता है। इस पृष्ठभूमि में, यह बात सामने आई है कि कुछ व्यापारी पटाखों की बढ़ती मांग का फायदा उठा रहे हैं और सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर अवैध स्टॉक बना रहे हैं। उल्हासनगर कैंप 4 इलाके में सी-रॉक पैलेस बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर एक दुकान में भारी मात्रा में पटाखे रखे हुए थे। पुलिस ने तुरंत एक टीम बनाकर छापा मारा तो करीब 39 लाख 20 हजार रुपये के विस्फोटक पटाखों का जखीरा मिला। इससे साफ हो गया कि इस जखीरे के लिए कोई वैध अनुमति या सुरक्षा इंतजाम नहीं था।

मनपा और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से शहर के सभी पटाखा स्टॉलों का निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं और बताया गया है कि बिना लाइसेंस या बिना सुरक्षा उपाय वाले स्टॉलों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# धर्मवीर आनंद दिघे नाट्यमंदिर का लोकार्पण आज

## ■ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे उद्घाटन




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा एवं सांसद श्रीकांत शिंदे के विशेष प्रयत्न से मंजूर नाट्यगृह के नाम से आखिर परदा उठ गया है. इस नाट्यगृह का नाम धर्मवीर आनंद दिघे नाट्यमंदिर रखा गया है. नाट्यगृह के नामकरण पर शहर में विवाद चल रहा था. आज रविवार की शाम में 4 बजे इस नाट्यगृह का लोकार्पण राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों होगा. पद्मश्री, पद्मभूषण, ज्येष्ठ अभिनेता अशोक सराफ विशेष अतिथि होंगे. विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, निरंजन डावखरे आदि की विशेष उपस्थिति होगी. अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा जारी निमंत्रण में ये जानकारी दी गई है.

अंबरनाथ में ये नाट्यगृह पहला आधुनिक बहुउद्देश्यीय सभागृह, नाट्य, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और कलात्मक कार्यक्रम के लिए आदर्श केंद्र है. दर्शकों की क्षमता 658 आसन, पार्किंग की अच्छी व्यवस्था है. 80 चार पहिया वाहन और 250 दो पहिया वाहनों के लिए सुरक्षित पार्किंग, आकर्षक कैफेटेरिया और लॉबी, कार्यक्रम के दरम्यान अल्पोपहार एवं विश्रांति के लिए सुसज्ज जगह उपलब्ध वीआईपी लॉंज और ग्रीन रूम, उच्चे दर्जे का साउंड और लाइटिंग सिस्टम, ग्राउंड फ्लोर एवं दो मंजिला इमारत, अंबरनाथ शहर की प्रतिष्ठा बढ़ानेवाला और सांस्कृतिक पहचान निर्माण करने वाले इस धर्मवीर आनंद दिखे नाट्य मंदिर का लोकार्पण आज शाम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों होने जा रहा है.

# अंबरनाथ का अवैध जुमा बाजार बंद किया जाए



## ■ ...नहीं तो हम कार्रवाई करेंगे
## ■ विकास सोमेश्वर ने नपा एवं पुलिस प्रशासन को दी चेतावनी

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के कोहोजगांव दर्गा के सामने मैदान में लगने वाला जुमा (शुक्रवार) बाजार को बंद किया जाए. अंबरनाथ नपा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने ये अवैध शुक्रवार बाजार को बंद नहीं किया तो हम खुद आगे आकर इस बाजार को बंद करा देंगे. ऐसी चेतावनी शिवसेना के विकास सोमेश्वर ने दी है. उन्होंने अपने बयान में कहा है कि शुक्रवार बाजार के 50 कदम पर ही अग्निशमक दल का केंद्र है. इस बाजार में तीन से चार सौ दुकानें लगती हैं. साथ ही सड़क के आसपास भी कई दुकानें लगने के कारण अग्निशमक वाहन को ट्रैफिक जाम में अटक जाने के कारण वह घटना स्थल तक जल्द से जल्द पहुंच नहीं पाती है. इस शुक्रवार 17 अक्टूबर को शाम में विकास सोमेश्वर अपने वाहन से जाने के लिए घर से निकले तो उन्होंने देखा कि शुक्रवार बाजार में खरीदारी के लिए भीड़ थी. जिसके कारण वह ट्रैफिक जाम में अटक गए. वह ये देखकर दंग रह गए कि इस ट्रैफिक जाम में एक अग्निशमन दल की वाहन भी अटक गई है. उसे घटना स्थल तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं दे रहा है. विकास ने अग्निशमक दल को जाने के लिए रास्ता बनाना शुरू किया तो एक हाथगाड़ी का नुकीला हिस्सा उनके सर पर लग गया और रक्त बहने लगा. लेकिन इस हालत में भी उन्होंने वाहन को रास्ता बना कर दिया. उनके सर पर चार टांके आए हैं. शहर में घटना होने के बाद अग्निशमक दल को घटना स्थल पर पहुंचने में देरी से कहीं ज्यादा नुकसान ना हो जाए, इसलिए उन्होंने नपा प्रशासन एवं पुलिस विभाग से कहा है कि अगर 24 अक्टूबर से इस अवैध बाजार को बद नहीं किया गया तो वह स्वतः मैदान में उतरकर इस अवैध जुमा बाजार को बंद करा देंगे.

# अपहरण कर उगाही करनेवाला नरेश छाबड़िया पुलिस के शिकंजे में

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप 5 स्थित कैलास कॉलोनी निवासी अजय आहूजा के परिचित नरेश छाबड़िया ने धोखाधड़ी से अपहरण कर पैसे ऐंठने की घटना सामने आई है.

घटना का विवरण इस प्रकार है कि 13 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे जब अजय आहूजा खेमानी गए थे, तब नरेश छाबड़िया ने उन्हें फोन करके कहा, मेरी बेटी बीमार है, मुझे पैसों की ज़रूरत है। फिर वह अजय के दोपहिया वाहन पर बैठकर उनके साथ चले गए। हालाँकि, कुछ दूर जाने के बाद, नरेश ने अजय की पीठ पर एक नुकीली वस्तु रख दी और उसे म्हारल गाँव के डंपिंग खदान क्षेत्र में एक कमरे में ले गए।

वहाँ पहले से मौजूद तीन अज्ञात व्यक्तियों की मिलीभगत से अजय को कमरे में बंद कर दिया गया। उन्होंने उसके हाथ रस्सियों से बाँध दिए और चाकू दिखाकर धमकाते हुए लाठियों से पीटा। उन्होंने जबरन अपने दोस्त से 2 लाख 98 हज़ार 500 रुपये ऑनलाइन मँगवाने को बाध्य किया.



इस मामले में नरेश छाबड़िया और उसके तीन साथियों के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। उल्हासनगर अपराध शाखा की टीम ने समानांतर जाँच की और गुप्त सूचना व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जाल बिछाकर नरेश के इलाके में होने का पता चलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया।

यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक योगेश आव्हाड के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीरंग गोसावी और पुलिस कांस्टेबल मंगेश जाधव, अमर कदम, बाबूलाल जाधव, संजय शेरमाले, नितिन बैसाने और अविनाश पवार की टीम ने की। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मोबाइल और नकदी जब्त की गई है। पुलिस ने बताया है कि नरेश छाबड़िया के खिलाफ पहले भी जबरन चोरी के पाँच-छह मामले दर्ज हैं।

## समृद्धि एक्सप्रेसवे पर ट्रक में आग लगी

**ठाणे.** ठाणे जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर एक सुरंग के पास शनिवार तड़के एक ट्रक में आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अधिकारी ने बताया कि शाहपुर तालुका में शिरोल सुरंग के पास सुबह करीब चार बजे हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नागपुर की ओर जा रहे भारी वाहन में आग लग गई जिसके बाद आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने 45 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया।

# शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अवैध पटाखों का भंडार

## ■ हादसों की आशंका

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर पहले से ही भूमिगत सीवरेज कार्यों और बढ़ते अनधिकृत निर्माणों के कारण गंभीर प्रदूषण संकट का सामना कर रहा है। इसके अलावा, अब शहर में पटाखा विक्रेताओं द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध पटाखों के बड़े भंडार ने उल्हासनगर में विस्फोटों और बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका पैदा कर दी है। पिछले साल मुरबाड रोड स्थित एक पटाखा गोदाम में हुए भीषण विस्फोट में उल्हासनगर के एक व्यापारी मनीष नारंग की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद भी, नागरिक यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या शहर में पटाखा विक्रेताओं और उनके गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता से जाँच की जा रही है।



उल्हासनगर के कई पटाखा विक्रेताओं ने शहर के भीड़-भाड़ वाले और रिहायशी इलाकों में भारी मात्रा में विस्फोटकों का अवैध भंडार जमा कर रखा है। खास तौर पर प्रतिबंधित और अवैध पटाखे बड़ी मात्रा में बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इन गोदामों में क्षमता से अधिक विस्फोटक सामग्री रखी गई है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बहुत बढ़ गई है। प्रशासन ने अभी तक इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। परिणामस्वरूप, शहर के नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा सामने आया है।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, उल्हासनगर के कुछ प्रमुख पटाखा विक्रेता पुलिस और प्रशासन से मिलीभगत करके हर साल बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार कर रहे हैं। साथ ही, यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल इस पूरे गंभीर मामले की अनदेखी कर रहा है। ये विक्रेता प्रशासन की मिलीभगत से अपना खतरनाक कारोबार चला रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ रही है।

### 100 करोड़ रुपये के स्टॉक की संभावना

उल्हासनगर शहर के नेहरू चौक, उल्हासनगर-2 और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में गोदामों में नियमों का पूरी तरह उल्लंघन करते हुए अवैध स्टॉक रखा जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने इस संबंध में महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल से शिकायत की है। कहा जा रहा है कि अगर इन इलाकों में अचानक छापेमारी की जाए तो लगभग 100 करोड़ रुपये के पटाखों का भंडार मिल सकता है। ये विक्रेता थोक व्यापार करते हैं और ठाणे जिले के विभिन्न हिस्सों में पटाखों की आपूर्ति करते हैं, जिससे प्रदूषण का संकट और दुर्घटनाओं का डर बढ़ गया है।

### कड़ी कार्रवाई की उठ रही मांग

■ शहर के नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने शहर के सभी अवैध पटाखा गोदामों पर छापेमारी कर सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन हो रहा है या नहीं, इसकी गहन जाँच की मांग की है। उल्हासनगर मनपा और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को इस संबंध में तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। अन्यथा, शहरवासियों को भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना के गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इस पर तीखी प्रतिक्रिया हो रही है।

# अंबरनाथ में एक दुर्घटना में तीन महिलाएं घायल

**अंबरनाथ.** पूर्वी अंबरनाथ में लोकनगरी के पास हिंदू कब्रिस्तान के पास गुरुवार को एक तेज़ रफ़्तार चार पहिया वाहन ने एक रिक्शा को टक्कर मार दी। इसमें तीन महिला यात्री घायल हो गईं।

यह दुर्घटना उस समय हुई जब रिक्शा यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए यू-टर्न ले रहा था और टक्कर के कारण रिक्शा पलट गया। दुर्घटना के बाद, चार पहिया वाहन चालक घायलों की मदद किए बिना ही मौके से फरार हो गया।

हेमा शरद मिरकुटे (40) और उनके साथ दो अन्य महिलाएं मोहन शंकर लवेल के रिक्शा में लोकनगरी से रेलवे स्टेशन जा रही थीं। उसी समय, विपरीत दिशा से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने तेज़ रफ़्तार से यू-टर्न लेते समय रिक्शा को टक्कर मार दी।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## हरित पटाखों को मंजूरी

दिल्ली में हरित पटाखों को मंजूरी देने का निर्णय महत्त्वपूर्ण कदम है। शीर्ष अदालत ने लोगों की भावनाओं का ख्याल रखा है। पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली में वायु गुणवत्ता लगातार खराब हुई है। दीपावली पर तो वायु प्रदूषण कई गुना बढ़ जाता है। पिछले वर्ष पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद स्थिति बिगड़ी और हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई। हर साल वायु प्रदूषण का बेतहाशा बढ़ना चिंता का विषय है। नागरिकों को पटाखों से होने वाले प्रदूषण से सचेत करने के लिए कई बार पहल हुई है।

हरित पटाखों पर भी जोर दिया गया। मगर इसकी आड़ में पारंपरिक पटाखे भी खूब बिके। नतीजा यह कि पिछली बार शीर्ष अदालत का सख्त रवैया अख्तियार करना पड़ा। मगर इस बार दिल्ली और केंद्र सरकार के साझा अनुरोध पर उसने पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरित पटाखों पर छूट दी है। सिर्फ इन्हीं पटाखों को बेचने और फोड़ने की इजाजत देकर अदालत ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण का परिचय दिया है। अब नागरिकों का भी दायित्व है कि वे दिशा-निर्देशों का ईमानदारी से पालन करें ताकि अन्य लोगों को कोई असुविधा न हो और पर्यावरण भी सुरक्षित रहे।

पटाखों से वायु प्रदूषण और उससे स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। पटाखों से निकलने वाला खतरनाक धुआं वातावरण में काफी समय तक रहता है। इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ता है। फिर भी हर बार इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। दरअसल, दिल्ली में चोरी-छिपे आने वाले पारंपरिक पटाखे अधिक नुकसान पहुंचाते रहे हैं।

ऐसे में शीर्ष न्यायालय के सख्त आदेश से उम्मीद कर सकते हैं कि दिल्ली सहित पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लोग निर्धारित समय और तय दिशा-निर्देशों के मुताबिक केवल हरित पटाखे चलाएंगे। यानी ऐसे पटाखे जो अन्य पटाखों की तुलना में कम प्रदूषण करते हैं। नागरिकों को अदालत के इस आदेश को गंभीरता से लेना चाहिए कि पर्यावरण के साथ अब कोई समझौता नहीं होगा। उन्हें पटाखे खरीदने से लेकर फोड़ने तक संयम का परिचय देना होगा।

# समावेशी राजनीति की प्रतिस्पर्धा, किस करवट बैठेगा 'हाथी'

बसपा प्रमुख मायावती ने 9 अक्टूबर को कांशीराम के 19वें निर्वाण दिवस पर लखनऊ में महारैली की। उत्तर प्रदेश में 2012 के विधानसभा चुनाव के बाद से बसपा लगातार हाशिए पर पहुंचती गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी को अपना चुनाव क्षेत्र बनाकर 'सबका-साथ, सबका-विकास' मंत्र से दलितों को साथ ले लिया। परिणामस्वरूप प्रदेश की सभी 17 सुरक्षित लोकसभा सीटों पर भाजपा विजयी हुई। इससे भाजपा की दलितों में पैठ गहरी हुई।

सरकार एवं संगठन में दलितों को सम्मानजनक स्थान मिला, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन ने दलितों में भ्रम फैलाया कि मोदी 'चार सौ पार' करके बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान बदल देंगे, आरक्षण खत्म कर देंगे, जिससे दलित भाजपा से छिटक कर सपा के साथ हो लिए। ऐसे में मायावती नहीं चाहेंगी कि दलित सपा के साथ जुड़ा रहे। इसीलिए वे दलितों को एकजुट करके बसपा में लौटाना चाहती हैं। क्या ऐसा हो सकेगा? क्या भाजपा और सपा भी दलितों के विकल्प हैं?

सवाल यह भी है कि मायावती के पास दलित लौटें क्यों? 2012 में अखिलेश से हारने के बाद मायावती ने दलितों को मझधार में छोड़ राष्ट्रीय राजनीति को साधने के लिए दिल्ली का रुख कर लिया। 2007 में मायावती सरकार बनने पर दलितों से ज्यादा ब्राह्मणों और मुसलमानों को मंत्रिपरिषद और पार्टी में महत्वपूर्ण पद मिले। दलित ठगे रह गए। 'अपनी सरकार' बनने से दलित अस्मिता तो अक्षुण्ण रही, पर उसकी राजनीतिक आकांक्षाएं पूरी न हो



सकीं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने तिवादी-अस्मितावादी बहिर्वेशी-राजनीति को दरकिनार कर 'सबका-साथ, सबका-विकास' की समावेशी राजनीति शुरू की तो दलितों का बड़ा वर्ग खिसक कर भाजपा की ओर चला गया। मायावती ने 2007 में जिस सोशल इंजीनियरिंग से सत्ता प्राप्त की, उसे वे आगे न ले जा सकीं। उनकी सोशल इंजीनियरिंग दलित-ब्राह्मण गठजोड़ न थी, वरन उन्होंने सभी जातियों में बसपा का जनाधार बढ़ाया था। इतने सफल प्रयोग को मायावती संभाल न सकीं?

कभी-कभी मायावती की राजनीतिक परिपक्वता पर संदेह होता है। उन्होंने सामंतवादी मनोवृत्ति से पार्टी चलाई। 2012 चुनावों के पहले उन्होंने बाबूसिंह कुशवाहा और 2017 चुनावों के पहले स्वामी प्रसाद मौर्य को पार्टी से निकाल दिया। यदि निकालना ही था तो चुनावों में उनका प्रयोग करके निकालना था। 2019 लोकसभा चुनावों में अपने धुर-विरोधी अखिलेश यादव से गठबंधन किया। परिणामस्वरूप विधानसभा चुनाव 2022 में बसपा केवल एक सीट जीत सकी और लोकसभा चुनाव 2024 में उसका खाता नहीं खुला।

मायावती पर आरोप लगे कि भाजपा का परोक्ष समर्थन करने हेतु वे पिछले चुनाव सक्रियता से चुनाव नहीं लड़ीं और अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद को 2024 चुनाव प्रचार के दौरान ही अपदस्थ कर वापस बुला लिया कि वे अभी 'अपरिपक्व' हैं। मायावती ने 2007 में सोशल इंजीनियरिंग का जो माडल अपनाया, उससे वे 'बहुजन-हिताय, बहुजन-सुखाय' से 'सर्वजन-हिताय, सर्वजन-सुखाय' की समावेशी राजनीति तक पहुंचीं थीं और 'दलित-अस्मिता' की राजनीति पर नहीं लौट सकती थीं। मायावती माडल से भी सशक्त 'सबका-साथ, सबका-विकास' आधारित 'समावेशी माडल' मोदी ने बना लिया था। मायावती को उसकी काट नहीं सूझी। 2024 में राहुल-अखिलेश ने संविधान और आरक्षण पर भ्रम फैलाकर 'पीडीए' (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) आधारित आंशिक समावेशी माडल बनाया, जिसका परिणाम उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनावों में दिखा।

भावी राजनीति में समावेशी माडलों की स्पर्धा देखने को मिलेगी। कौन पार्टी समाज के कितने घटकों को आकर्षित कर पाती है, यही उसकी चुनावी सफलता-असफलता को तय करेगा। हालांकि मोदी ने इसमें नया आयाम जोड़ दिया है। वे जातीय अस्मिता को वर्ग-अस्मिता तक ले गए हैं। ऐसा नहीं कि भाजपा टिकट वितरण या पद आवंटन में जातियों की अनदेखी करेगी, लेकिन उसने सभी जातियों-धर्मों को वर्गों में समेट दिया है जैसे-महिला, युवा, किसान, मजदूर, लाभार्थी और गरीब आदि। फलस्वरूप, भाजपा ने हिंदुत्व और सनातन की छतरी के नीचे सभी धर्मों और जातियों को स्थान दिया है।




आध्यात्मिक शिक्षाओं का सच्चा महत्त्व उनका अभ्यास करने में है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# नकली दवाओं पर सरकार कसेगी नकेल

किसी भी रोग की दवा से लेकर रसायनों के मिश्रण से तैयार हर वह पदार्थ हमेशा ही संबंधित एजंसियों की निगरानी के दायरे में होना चाहिए, जो इंसानी सेहत के लिए जोखिम का कारक बन सकते हैं। हालांकि सरकार के मातहत इसके लिए बाकायदा एक तंत्र है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की बिक्री खुलेआम होती रहती है, जिनके उपयोग के बाद स्वास्थ्य कई तरह के जोखिम के दायरे में आ जाता है।

ऐसा नहीं है कि इस तरह के खतरनाक रसायनों के इस्तेमाल पर रोक के लिए कानून नहीं हैं, लेकिन या तो वे अपर्याप्त हैं या फिर उन्हें सख्ती से लागू करने को लेकर सरकारी एजंसियों के भीतर कोई इच्छाशक्ति नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के इस्तेमाल से कई बार नाहक ही लोगों की मौत होने या स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचने की खबरें आती रहती हैं।

यों तो सरकार को इससे संबंधित नियम-कायदों को पहले ही सख्ती से लागू करना चाहिए था, लेकिन अब नए सिरे से नकली या जोखिम का वाहक बनने वाली दवाओं और नुकसानदेह सौंदर्य प्रसाधनों पर नकेल कसने की तैयारी हो रही है।



दरअसल, हाल ही में कुछ राज्यों में खांसी की दवा पीने से कई बच्चों की मौत की खबरें आईं और इससे हर तरफ चिंता पैदा हुई। अब केंद्र सरकार दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी के लिए कानून लाने जा रही है। इस संबंध में 'औषधि, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 2025' का मसविदा संसद के आगामी सत्र में पेश किया जा सकता है। देश भर में आए दिन नकली दवाओं की बिक्री और उससे पैदा खतरों को लेकर सवाल उठते रहते हैं।

अगर कभी कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब थोड़ी सख्ती और कार्रवाई होती दिखती है। मगर आमतौर पर कार्रवाई के दायरे में निचले स्तर के कुछ कर्मचारी या अधिकारी ही आते हैं। मामला शांत होने के बाद फिर दवाओं के निर्माण को लेकर गुणवत्ता और तय कसौटियों में व्यापक लापरवाही बदस्तूर जारी रहती है।

इसी के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ-साथ विश्व भर के कई बड़े स्वास्थ्य नियामकों की ओर से भारतीय दवा निर्माताओं की गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियों को लेकर बार-बार शिकायतें और चिंता दर्ज कराई गई। मगर ऐसा लगता है भारत में सरकार और दवा कंपनियों की नींद तब तक नहीं खुलती, जब तक कोई बड़ा नुकसान नहीं हो जाता और कुछ लोगों की जान नहीं चली जाती। ऐसी दवाओं के बारे में भी खबरें आती रहती हैं, जो दूसरे कुछ देशों में प्रतिबंधित होती हैं, लेकिन यहां वे धड़ल्ले से चिकित्सकों के परामर्श तक में शामिल दिख जाती हैं।


इसी तरह, सौंदर्य प्रसाधनों में कई ऐसे हैं, जिनमें हानिकारक रसायन मिले होते हैं और वे दीर्घकालिक तौर पर शरीर या इसके खास हिस्से को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। मगर बिना किसी निगरानी और जांच-परख के नकली दवाओं से लेकर सौंदर्य प्रसाधनों के उत्पाद खुले बाजार में खरीदे-बेचे जाते रहते हैं। दूसरी ओर, लोगों के बीच भी अपने स्तर पर किसी उत्पाद या दवा की जांच कराने की सुविधा से लेकर अपेक्षित जागरूकता का अभाव देखा जाता है।

# बिना ड्राइवर वाली गाड़ी ने तोड़ा ट्रैफिक नियम

**जरा हट के**

फेसबुक पोस्ट के अनुसार अमेरिका के सैन ब्रूनो (San Bruno), कैलिफोर्निया में पुलिस अधिकारियों के सामने हाल ही में एक ऐसा अजीब मामला आया जिसने उन्हें हक्का-बक्का कर दिया. मामला तो एक सामान्य ट्रैफिक उल्लंघन का था- एक कार ने रेड लाइट के बीच यू-टर्न लिया लेकिन जब पुलिस ने कार को रोका और चालान काटने पहुंची, तो पाया कि ड्राइवर सीट पर कोई इंसान था ही नहीं! यह कोई हॉरर फिल्म 'क्रिस्टीन' का सीन नहीं था, बल्कि एक वास्तविक घटना थी. यह कार दरअसल स्वचालित यानी सेल्फ-ड्राइविंग वाहन थी, जिसे Waymo कंपनी (गूगल की पैरेंट कंपनी Alphabet Inc. की सहायक) संचालित करती है.

### बिना ड्राइवर की कार



27 सितंबर की सुबह, सैन ब्रूनो पुलिस के दो अधिकारी नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ अभियान चला रहे थे. तभी उन्होंने एक सफेद Jaguar I-PACE इलेक्ट्रिक कार को रेड लाइट के बावजूद यू-टर्न लेते देखा. पुलिस ने तुरंत सायरन बजाया और कार को रोक लिया लेकिन जैसे ही एक अधिकारी आगे बढ़ा, उसने देखा कि कार पूरी तरह खाली थी, न ड्राइवर, न यात्री. पुलिस ने बयान में लिखा- "ड्राइवर नहीं, हाथ नहीं, सुराग नहीं... यह दोनों अधिकारियों के लिए पहली बार था." सैन ब्रूनो पुलिस विभाग (SBPD) ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वे कार को चालान नहीं कर सके क्योंकि "हमारे चालान पुस्तिका में 'रोबोट' के लिए कोई कॉलम नहीं है." कानूनी रूप से, पुलिस किसी ट्रैफिक उल्लंघन का चालान केवल वाहन के "ऑपरेटर या ड्राइवर" को दे सकती है. चूंकि इस कार को AI सिस्टम चला रहा था, किसी इंसान को दोषी ठहराना संभव नहीं था.

# भुने अमरूद की चटनी




खाने का स्वाद और भूख बढ़ाने के लिए लोग मौसम के अनुसार अलग-अलग तरह की चटनी बनाकर खाते हैं। गर्मियों में धनिया-पुदीना तो सर्दियों में अमरूद की चटनी खाने में बेहद टेस्टी लगती है। बाजार में अमरूद आ चुके हैं। ऐसे में अगर आप भी अमरूद से उसकी चटनी बनाकर तैयार करना चाहते हैं तो ट्राई करें ये आसान रेसिपी। इस चटनी को बनाने के लिए सबसे पहले अमरूद को रोस्ट किया जाता है। जो इस चटनी के स्वाद और खुशबू को बढ़ा देता है। तो आइए जान लेते हैं कैसे बनाई जाती है टेस्टी विंटर स्पेशल अमरूद की चटनी।

**सामग्री :**

- 1 अमरूद
- 1 बारीक कटी हुई हरी मिर्च
- 1 इंच कटा हुआ अदरक
- एक मुट्ठी हरा धनिया
- 1/2 नींबू का रस
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा
- नमक स्वादानुसार
- पानी आवश्यकतानुसार

**विधि :**



भुने अमरूद की चटनी बनाने के लिए सबसे पहले अमरूद को अच्छी तरह धो लें। उसके बाद अमरूद में चाकू डालकर उसे अच्छी तरह चाकू की मदद से पकड़ते हुए गैस की तेज आंच पर 4 मिनट तक घुमाते हुए भून लें। अमरूद को तब तक लगातार घुमाते हुए भूनें जब तक उसकी त्वचा काली न हो जाए। अमरूद के अच्छे से भुन जाने पर इसे ठंडा होने के लिए रख दें। अब अमरूद के भुने हुए काले छिलके को उतार कर इसे धोने के बाद अमरूद काटकर मिक्सी में हरी मिर्च, अदरक, हरा धनिया, नींबू का रस, जीरा, नमक और थोड़ा सा पानी डालकर चला दें। चटनी को पीसने के बाद उसे एक सर्विंग बाउल में निकाल लें। आपकी टेस्टी भुने हुए अमरूद की चटनी बनकर तैयार है।

## आज का राशिफल

**मेष** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें। बेकार बातों में समय नष्ट न करें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**वृषभ** : कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। कोई बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी विशेष क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी।

**मिथुन** : धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कोर्ट व कचहरी के अटके कामों में अनुकूलता आएगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कर्क** : बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े।

**सिंह** : कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ रहेगा। सभी काम पूर्ण होंगे।

**कन्या** : रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें।

**तुला** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृश्चिक** : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। बेवजह विवाद की स्थिति बन सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं लें, लाभ होगा।

**धनु** : जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी।

**मकर** : किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें। भ्रम की स्थिति बन सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। थकान व कमजोरी महसूस होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।


**कुंभ** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर होगी। अचानक कहीं से लाभ के आसार नजर आ सकते हैं। बड़ी समस्या से निजात मिलेगी।

**मीन** : आंखों को चोट व रोग से बचाएं। कीमती वस्तु गुम हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक किसी से भी न करें। नकारात्मकता रहेगी। अकारण क्रोध होगा। फालतू खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# यूरिक एसिड की समस्या से परेशान?

## गिलोय से होगा कंट्रोल




आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर अपने छोटे-छोटे दर्द और तकलीफों को नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन यही हल्के-फुल्के दर्द समय के साथ गंभीर समस्याओं में बदल सकते हैं. इन दर्दों का सबसे बड़ा कारण शरीर में बढ़ा हुआ यूरिक एसिड होता है. जब यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है तो यह जोड़ों में सूजन, दर्द और कठोरता जैसी परेशानियां पैदा कर देता है. कई बार यह स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि गठिया और किडनी स्टोन जैसी समस्याओं का कारण बन सकती है. आमतौर पर लोग इस समस्या से राहत पाने के लिए दवाइयों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद में इसका प्राकृतिक और असरदार समाधान मौजूद है.

### गिलोय कैसे देती है राहत जानिए

आयुर्वेद में गिलोय को अमृत कहा गया है, क्योंकि इसमें अनेक औषधीय गुण पाए जाते हैं. गिलोय शरीर से टॉक्सिन्स निकालने का काम करती है और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाती है. यह यूरिक एसिड को नैचुरल तरीके से नियंत्रित करती है. गिलोय में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर में सूजन को कम करते हैं और रक्त को शुद्ध रखते हैं.

गिलोय शरीर के मेटाबॉलिज़्म को बेहतर बनाकर यूरिक एसिड का स्तर सामान्य करने में मदद करती है. नियमित सेवन से जोड़ों का दर्द और सूजन कम होती है. इसके अलावा यह किडनी को डिटॉक्स करती है और यूरिक एसिड क्रिस्टल बनने से रोकती है. गिलोय के सेवन से ब्लड प्यूरिफिकेशन होता है और शरीर में टॉक्सिन्स के जमा होने की प्रक्रिया धीमी पड़ती है.

### गिलोय का सेवन कैसे करें

गिलोय का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जा सकता है. सबसे आसान तरीका है – ताज़ा गिलोय की डंडी को उबालकर काढ़ा बनाना. इसे रोजाना सुबह खाली पेट पीना फायदेमंद रहता है. इसके अलावा गिलोय पाउडर को गर्म पानी या शहद में मिलाकर लिया जा सकता है. बाजार में गिलोय जूस भी उपलब्ध है, जिसे रोजाना एक छोटे गिलास में लेना लाभकारी होता है.

गिलोय के सेवन में बरतें सावधानियां: गिलोय का सेवन अत्यधिक मात्रा में नहीं करना चाहिए. किसी भी जड़ी-बूटी का ओवरडोज़ शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है. यदि आप पहले से कोई दवा ले रहे हैं या किडनी से जुड़ी गंभीर समस्या है, तो आयुर्वेदिक विशेषज्ञ या डॉक्टर की सलाह लेकर ही इसका सेवन करें.

### गिलोय क्यों है असरदार?

गिलोय में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो शरीर में प्यूरीन के ब्रेकडाउन को नियंत्रित करते हैं. प्यूरीन का ब्रेकडाउन ही यूरिक एसिड को बढ़ाता है. गिलोय इस प्रक्रिया को संतुलित करके यूरिक एसिड की मात्रा को कंट्रोल में रखती है. इसके अलावा यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाकर जोड़ों में दर्द और सूजन से राहत देती है.

गिलोय को अपने दैनिक आहार में शामिल करके आप यूरिक एसिड से जुड़ी समस्याओं और जोड़ों के दर्द को नैचुरल तरीके से नियंत्रित कर सकते हैं.

# बल्ब पर मंडराते हैं कीड़े

## ये अचूक उपाय दिलाएगा हमेशा के लिए मुक्ति



सर्दी के मौसम में अक्सर घरों की लाइट्स के आसपास छोटे-छोटे कीट मंडराने लगते हैं. ये कीट न केवल लाइट के पास जमा होकर गंदगी फैलाते हैं, बल्कि कई बार घर के अंदर भी घुस जाते हैं. पंखे चलने पर ये आंखों, खाने या फर्नीचर पर गिरकर असहज स्थिति पैदा कर देते हैं. अगर आप भी रोज इस झंझट से परेशान हैं, तो कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर इन कीटों को लाइट से दूर रखा जा सकता है.

रायबरेली के गृह विज्ञान के प्रवक्ता अरुण कुमार सिंह बताते हैं कि नीम और कपूर दोनों ही प्राकृतिक कीटनाशक हैं. एक स्प्रे बोतल में पानी भरें, उसमें नीम का तेल (2 चम्मच) और थोड़ा सा कपूर पाउडर डालें. इसे अच्छी तरह मिलाकर लाइट के आसपास स्प्रे करें. इसकी खुशबू से कीट भाग जाते हैं और दोबारा पास नहीं आते हैं.

लाइट के पास या खिड़कियों के कोनों पर पुदीने या नींबू के एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डाल दें. इन तेलों की तेज सुगंध कीटों को पसंद नहीं आती और वे वहां से दूर रहते हैं. अगर आप चाहें तो रुई के फाहे में तेल लगाकर लाइट के पास रख सकते हैं.

सफेद या ट्यूबलाइट जैसी चमकदार रोशनी कीटों को सबसे ज्यादा आकर्षित करती है. अगर आप पीले या वॉर्म एलईडी बल्ब का इस्तेमाल करेंगे तो कीटों की संख्या काफी हद तक कम हो जाएगी. यह न सिर्फ कीटों को दूर रखता है बल्कि आंखों के लिए भी बेहतर होता है.

तुलसी और गेंदा की खुशबू कई प्रकार के कीटों को भगाने का काम करती है. इन पौधों को बालकनी या खिड़की के पास रखें. इससे न केवल कीट कम होंगे बल्कि घर का वातावरण भी सुगंधित रहेगा.

# लिवर डिटॉक्स करने में रामबाण से कम नहीं ये 5 हरी सब्जियां

## फायदे जानकर आप भी कर लेंगे डाइट में शामिल

हमारा शरीर एक मशीन की तरह है और 'लिवर' इस मशीन का सबसे जरूरी 'फिल्टर' है। जी हां, यह शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालकर हमें स्वस्थ रखता है। यही वजह है कि जब लिवर ही ठीक से काम नहीं करता, तो पूरी सेहत बिगड़ जाती है।

हालांकि, अच्छी बात यह है कि प्रकृति ने हमें कुछ ऐसी शानदार सब्जियां दी हैं जो हमारे लिवर को 'सुपरपावर' देती हैं और उसे साफ रखने में मदद करती हैं। आइए जानते हैं ऐसी 5 सब्जियों के बारे में, जिन्हें अपनी डाइट में शामिल करके आप अपने लिवर को एकदम नया जीवन दे सकते हैं।

### पालक



पालक एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स से भरा होता है। इसमें 'ग्लूटाथियोन' नामक तत्व होता है जो लिवर को जहरीले पदार्थों से लड़ने में मदद करता है। इसे अपनी दाल या सब्जी में मिलाएं, या सुबह की स्मूदी में दो-तीन पत्ते पालक डालकर भी आप इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### ब्रोकली



ब्रोकली में सल्फर वाले कंपाउंड्स होते हैं। ये कंपाउंड्स लिवर को एंजाइम बनाने में मदद करते हैं, जो गंदगी को आसानी से शरीर से बाहर निकाल देते हैं। आप इसे हल्का स्टीम या फिर रोस्ट करके भी सलाद के तौर पर डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसका क्रंच हर किसी को पसंद आता है।

### केल



केल विटामिन K, A और C का पावरहाउस है। यह लिवर को मजबूत करता है और Fatty Liver जैसी समस्याओं से बचाने में मदद करता है। अगर केल आसानी से न मिले, तो इसकी जगह आप सरसों का साग या अन्य गहरे हरे पत्ते भी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### कलमी साग/पानी वाला पालक



यह साग डाइजेशन को ठीक रखता है और लिवर की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करता है। यह खून को साफ करने का भी काम करता है। इसका स्वाद थोड़ा बेसिक होता है, इसलिए इसकी साधारण सब्जी बनाकर खाना आसान है।

### करेला



करेला कड़वा जरूर होता है, लेकिन यह लिवर के लिए सबसे अच्छी दवा है। यह पित्त के फ्लो को सुधारता है, जिससे लिवर का काम आसान हो जाता है और यह तेजी से डिटॉक्स करता है। करेले की कड़वाहट कम करने के लिए, काटने के बाद उसे थोड़ी देर नमक लगाकर रख दें और फिर अच्छे से धो लें।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बेहोश कर गाड़ी में उठा ले गए दबंग, व्यापारी से 25 लाख लूटकर सड़क किनारे फेंका

**कासगंज.** यूपी के कासगंज में मिरहची जाते समय गल्ला व्यापारी पर से बोलेरो सवार बदमाशों ने नशीला पाउडर डालकर 25 लाख रुपये लूट कर ली। यही नहीं व्यापारी को जयपुर, राजस्थान के पास सड़क किनारे फेंक दिया। पीड़ित शुक्रवार की दोपहर कोतवाली पहुंचा और लूट की तहरीर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। रतनपुर नया वास हाल निवासी मिरहची जनपद एटा नरेंद्र सिंह पुत्र अहिवरन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि 15 अक्टूबर की शाम को वह मंडी के पास से गल्ल व्यापारी से 25 लाख रुपए लेकर अपनी बाइक से शाम को मिरहची जा रहा था, तभी काली नदी के पास बोलेरो गाड़ी सवारों ने ओवरटेक करके उसकी आंखों में सफेद पाउडर डाल दिया था। इससे वह बाइक समेत गिर गया। इसके बाद बोलेरो सवारों ने 25 लाख रुपये लेकर उसे भी गाड़ी में डाल लिया।

### बचा लो साहब! प्रेमी संग मिलकर मरवा देगी बीवी, घर से लाखों का सामान कर चुकी चोरी

**बिजनौर.** यूपी में बिजनौर के स्योहारा क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां क्षेत्र के गांव के युवक ने पत्नी पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। आरोप है कि घर से ढाई लाख रुपए का सामान भी चोरी से अपने प्रेमी को दे दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी शादी दस वर्ष पूर्व कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव निवासी युवती से हुई थी। उनके चार बच्चे हैं। पीड़ित पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से मुरादाबाद में किराए के मकान में रहता है और दुकान चल रहा है। वह महीने में एक या दो बार अपनी बीवी बच्चों के पास आता है। आरोप है कि पिछले एक वर्ष से उसकी पत्नी आए दिन झगड़ा करने लगी। तब उसे पता चला कि उसकी पत्नी के एक व्यक्ति के साथ नाजायज संबंध चल रहे हैं। उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर घर में रखा लगभग ढाई लाख रुपए का सामान चोरी करके अपने प्रेमी को दे दिया।

### यूपी पुलिस ने गुंडों की तरह कार चालक को पीटा, गाड़ी का किया चालान

**आगरा.** यूपी के आगरा में चेकिंग के दौरान पुलिस की अभद्रता और मारपीट का एक मामला अधिकारियों तक पहुंचा है। पुलिस चेकिंग के दौरान किस तरह गुंडई करती है यह कार में लगे कैमरे में कैद हो गया। चौकी प्रभारी और सिपाही ने एक कारोबारी के चालक को तीन दिन में दो बार पकड़कर पीटा। एक बार गाड़ी का चालान भी किया। वजह ड्राइविंग लाइसेंस न होना लिखी। जबकि चालक के पास सभी कागजात मौजूद थे। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### यूपी में चलती बाइक पर रखा बैग फटा, भीषण विस्फोट में दो छात्रों के चिथड़े उड़े, तीसरा घायल

उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में एक और हादसा हुआ है। चलती बाइक पर पटाखों से भरा बैग फटने से दो छात्रों के चिथड़े उड़ गए। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। तीसरा छात्र घायल है। घटना राजेपुर थाना क्षेत्र में कपिल रोड पर हुई।

आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। कायमगंज और कपिल पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। विस्फोट से इलाके में अफरातफरी मच गई है। इससे पहले फर्रुखाबाद में ही एक कोचिंग सेंटर में पिछले दिनों विस्फोट में दो छात्रों की मौत हो गई थी। हालांकि उस विस्फोट के लिए पुलिस ने सैप्टी टैंक को कारण बताया था।

# महाराष्ट्र वाली गलती मत दोहराओ

- तेजस्वी यादव को सीएम उम्मीदवार घोषित करो
- उद्धव सेना की सलाह



**पटना.** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी एक ₹बेहद लोकप्रिय उम्मीदवार₹ हैं और उनकी अगुवाई में महागठबंधन को मजबूती मिलेगी। साथ ही, प्रियंका ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे और उम्मीदवार चयन में हुई गलतियों को बिहार में दोहराए जाने के खिलाफ चेतावनी दी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को होगा, जबकि परिणाम 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

शुक्रवार को समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, ₹महाराष्ट्र चुनाव में जो गलतियां हुईं, जैसे कि मुख्यमंत्री उम्मीदवार की घोषणा न करना, साथ ही तीन गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे और उम्मीदवार चयन को लेकर विवाद... ऐसी गलतियों को बिहार में नहीं दोहराया जाना चाहिए। तेजस्वी यादव एक बहुत लोकप्रिय उम्मीदवार हैं।₹

उन्होंने आगे कहा, ₹तेजस्वी यादव वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य तथाकथित मुख्यमंत्री पद के दावेदारों के साथ कांटे की टक्कर में हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के रूप में शानदार काम किया है। इसलिए यही समय है कि इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में और इसकी भावना को ध्यान में रखते हुए, हम उस पार्टी का समर्थन करें जो मजबूत स्थिति में है। तेजस्वी यादव को समर्थन दिया जाना चाहिए, उनकी मदद की जानी चाहिए और उन्हें मुख्यमंत्री उम्मीदवार के रूप में घोषित किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस ने जारी की 48 उम्मीदवारों की पहली सूची

इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने 48 उम्मीदवारों की पहली सूची गुरुवार को जारी की। पार्टी की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) प्रमुख राजेश राम कुटुंबा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) नेता शकील अहमद खान कदवा निर्वाचन क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमाएंगे।

कुल 48 उम्मीदवारों में से 24 पहले चरण और 24 दूसरे चरण के चुनाव में हिस्सा लेंगे। पार्टी ने कहा कि शेष उम्मीदवारों के नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) द्वारा अनुमोदित सूची में बगहा से जयेश मंगल सिंह, नौतन से अमित गिरी, चनपटिया से अभिषेक रंजन, बेतिया से वसी अहमद, रीगा से अमित कुमार सिंह 'टुन्ना', खगड़िया से डॉ. चंदन यादव और भागलपुर से अजीत कुमार शर्मा जैसे नाम शामिल हैं।

### इंजीनियर आत्महत्या मामले में FIR

**तिरुवनंतपुरम.** केरल के तिरुवनंतपुरम में 26 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर के सुसाइड मामले में पुलिस केस दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने कहा- 17 अक्टूबर को थंपनूर पुलिस थाने में कंजिरापल्ली के रहने वाले निधिश मुरलीधरन के खिलाफ IPC सेक्शन 377 (अननेचुरल सेक्शुअल ऑफेंस) के तहत केस दर्ज किया।

अधिकारियों ने कहा कि केस कोट्टायम पोनकुन्नम पुलिस थाने में ट्रांसफर भी किया गया है। वहीं, पोनकुन्नम पुलिस थाने के अधिकारियों ने कहा कि वे जल्द ही फिर से FIR दर्ज करेंगे और इस मामले की जांच शुरू करेंगे।

दरअसल, कोट्टायम जिले के एलिक्कुलम के रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने 9 अक्टूबर को सुसाइड किया था। उसका शव थम्पनूर स्थित एक लॉज के कमरे में फंदे से लटका मिला था। पुलिस ने पहले अननेचुरल डेथ का मामला दर्ज किया था।

# पंजाब DIG ने 5 जगहों पर छिपाया था गोल्ड-कैश

- सोफे के अंदर, क्रॉकरी की अलमारी से मिला
- 108 शराब की बोतलें, जिनकी कीमत लाखों में



पंजाब पुलिस के DIG हरचरन सिंह भुल्लर ने चंडीगढ़ की कोठी में 5 जगह कैश और गोल्ड छुपा रखा था। छापा मारने गई CBI की टीम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि DIG ने बेड के अंदर कैश रखा था।

क्रॉकरी की अलमारी में भी निचले हिस्से में कैश भरा हुआ था, जिसे लॉक किया गया था। DIG ने सामान की 2 आलमारियों में सोना छिपाकर रखा था। कैश और गोल्ड को इस तरह से रखा गया था कि बाहर से देखने पर किसी को शक न हो।

DIG भुल्लर की एक महीने की सैलरी करीब 2.64 लाख रुपए बनती थी, लेकिन कैश और गोल्ड बरामदगी से पता चला कि वह लग्जरी लाइफ जी रहे थे। लुधियाना में उनके समराला फार्महाउस से जो शराब की बोतलें मिली हैं, उनमें से कई 50 हजार से ज्यादा कीमत की हैं।

CBI ने DIG भुल्लर और उनके एजेंट कृष्णु को 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी आकाश बत्रा से 8 लाख रिश्वत लेते हुए पहले एजेंट कृष्णु को सेक्टर-21 से पकड़ा गया था। फिर CBI ने साथ जाकर DIG को भी रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी है कि कृष्णु ही DIG को रिश्वत के लिए शिकार खोजकर देता था। वह DIG का प्राइवेट आदमी है।

# क्रिकेटरों की मौत का बदला लेगा अफगानिस्तान

- पाक ने तालिबान से सुलह के लिए कतर भेजा रक्षा मंत्री





**काबुल.** पाकिस्तान और अफगान तालिबान शासन के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव में एक नया मोड़ आ गया है। पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में की गई हवाई कार्रवाई में कम से कम 10 नागरिक मारे गए, जिसके बाद दोनों पक्षों ने कतर की राजधानी दोहा में आपातकालीन शांति वार्ता बुलाने का फैसला किया है। इन हमलों में अफगानिस्तान के तीन क्रिकेटर भी मारे गए हैं। अब तालिबान के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और खुफिया प्रमुख जनरल आसिम मलिक के नेतृत्व में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दोहा भेजा है। वहीं अफगान पक्ष के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शनिवार को पहुंचने वाला है।

यह घटना उस 48 घंटे के अस्थायी युद्धविराम के ठीक बाद हुई है, जो बुधवार शाम को प्रभावी हुआ था और हाल ही में दोहा वार्ता के समापन तक बढ़ा दिया गया था। तालिबान अधिकारियों ने हमलों को ₹युद्धविराम का उल्लंघन₹ करार देते हुए प्रतिशोध की चेतावनी दी है, जबकि पाकिस्तान का दावा है कि ये सटीक हवाई हमले अफगानिस्तान से संचालित होने वाले आतंकी समूहों, खासकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर किए गए थे।

#### कैसे भड़का विवाद?

पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर संघर्ष की जड़ें गहरी हैं, लेकिन हालिया दौर 11 अक्टूबर को शुरू हुआ जब अफगान बलों ने कुर्रम जिले में पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर गोलीबारी की। पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में अफगानिस्तान के कंधार और हेलमंद प्रांतों में ड्रोन हमले किए, जिसमें 19 तालिबान लड़ाकों की मौत का दावा किया गया। तालिबान ने इसे ₹सीमा उल्लंघन₹ बताते हुए पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, जिसमें उन्होंने 58 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया। पाकिस्तानी सेना के अनुसार, संघर्ष में उसके 23 सैनिक शहीद हुए। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, अब तक के संघर्ष में कम से कम 18 लोग मारे गए और 360 घायल हुए हैं। कंधार के स्पिन बोल्दाक जिले में पाकिस्तानी हवाई हमले से 15 नागरिक मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल थे। स्थानीय अस्पतालों में 80 से अधिक घायलों का इलाज चल रहा है।

# दिवाली से पहले ही जहरीली हुई दिल्ली की हवा

- कई जगह AQI का लेवल 350 पार
- केरल में भारी बारिश, मुल्ला पेरियार डैम ओवरफ्लो



**नई दिल्ली.** दिवाली से दो दिन पहले ही दिल्ली में प्रदूषण बढ़ गया है। राजधानी के कई इलाकों में AQI (एयर क्वॉलिटी इंडेक्स) 350 से पार हो गया है। CPCB के मुताबिक शनिवार सुबह 8 बजे AQI 367 दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा AQI 370 आनंद विहार में रहा, उसके बाद वजीरपुर में 328, जहांगीरपुरी में 324 और अक्षरधाम में 369 रहा।

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP-I) लागू किया है। आयोग ने यह कार्रवाई क्षेत्र में AQI के 211 तक पहुंचने के बाद की गई।

इधर, दक्षिण भारत के तमिलनाडु और केरल में भारी बारिश जारी है। केरल में मुल्लापेरियार बांध का जलस्तर 137 फीट पार कर गया, जिसके कारण तीन गेट खोले गए, इससे निचले इलाकों में पानी भर गया।

कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, तेनकासी, तूतीकोरिन, विरुधुनगर, कांचीपुरम, चेन्नई, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर, विल्लुपुरम, कुड्डालोर, तिरुवन्नामलाई और रानीपेट जिलों में भी तेज बारिश हुई।

GRAP-I लागू, N95 या डबल सर्जिकल मास्क पहनने की सलाह

GRAP-I तब सक्रिय होता है जब AQI 200 से 300 के बीच होता है। इसके तहत, एनसीआर में सभी संबंधित एजेंसियों को 27 निवारक उपायों को सख्ती से लागू किया जाना है। इनमें एंटी-स्मॉग गन का उपयोग, पानी का छिड़काव, सड़क निर्माण, मरम्मत परियोजनाओं और रखरखाव गतिविधियों में धूल नियंत्रण करना शामिल हैं।

गाजियाबाद के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. शरद जोशी ने बचाव के लिए सभी को बाहरी गतिविधियों के दौरान N95 या डबल सर्जिकल मास्क पहनने की सलाह दी है।

### ठप रहा पूरा तेलंगाना; तोड़फोड़ भी हुई

तेलंगाना में शनिवार का दिन बंद से बुरी तरह प्रभावित रहा। इस बंद का आह्वान बैकवर्ड क्लास संगठनों ने किया था। इसके अलावा कई राजनीतिक दलों का भी इसे समर्थन मिला हुआ था। इसके चलते तेलंगाना में शनिवार को सबकुछ बंद रहा। स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्ग को 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के सरकारी आदेश पर उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में इस बंद का आयोजन किया गया।

तेलंगाना पिछड़ा वर्ग संयुक्त कार्रवाई समिति (बीसी जेएसी) की ओर से बुलाए गए इस बंद का सत्ताधारी दल कांग्रेस ने भी समर्थन किया था। इसके अलावा विपक्षी दल बीआरएस और भाजपा भी इसके पक्ष में रहे।

# पंजाब से बिहार जा रही गरीब रथ ट्रेन में आग

- सरहिंद स्टेशन के पास AC बोगी में शॉर्ट सर्किट
- सामान छोड़कर यात्री भागे, कई ट्रेनें प्रभावित



**अमृतसर.** पंजाब के अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही गरीब रथ ट्रेन (12204) में शनिवार सुबह पंजाब के सरहिंद स्टेशन के पास आग लग गई। यह आग 19 नंबर AC बोगी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इसमें लुधियाना के भी कई व्यापारी सफर कर रहे थे।

बोगी नंबर 19 में सवार एक यात्री ने आग लगते ही ट्रेन की चेन खींच दी। इससे ट्रेन रुक गई। इसके बाद बोगी में सवार यात्री अपना सामान छोड़कर तुरंत नीचे उतरे। अफरातफरी के बीच ट्रेन से उतरने में कई यात्रियों को चोटें आई हैं। एक यात्री को ज्यादा चोट लगी है। कुछ यात्री अपने बच्चों के साथ सफर कर रहे थे।

उधर, सूचना मिलते ही रेलवे, फायरबिग्रेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग में बोगी नंबर 19 पूरी तरह चल गया। 18 नंबर बोगी को भी नुकसान पहुंचा है।

जली बोगी को अलग करने के बाद ट्रेन को 3 घंटे बाद अंबाला के लिए रवाना किया गया। उधर, रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। अंबाला डिवीजन के डीआरएम भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली।

उधर, इस घटना का असर कई अन्य ट्रेनों पर भी पड़ा है। अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस, गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, दिल्ली इंटरसिटी, और जालंधर इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के संचालन में देरी हुई।

अंबाला मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनोद भाटिया ने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आई है।

# इंदौर की बहू बनेंगी क्रिकेटर स्मृति मंधाना

- फिल्म डायरेक्टर बोले- हम जल्द करेंगे शादी
- टीम इंडिया का 19 अक्टूबर को इंग्लैंड से मुकाबला



फिल्म निर्देशक, संगीतकार, लेखक, अभिनेता और गायक पलाश मुछाल ने शुक्रवार को इंदौर में घोषणा की कि वे जल्द ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना के साथ विवाह सूत्र में बंधने जा रहे हैं। पलाश ने मुस्कुराते हुए कहा, "स्मृति जल्द ही इंदौर की बहू बनेगी। इंदौर मेरे अंदर बसता है।"

उन्होंने बताया कि उनकी बरसों से तमन्ना थी कि वे पूरी फिल्म इंदौर में शूट करें, ताकि शहर की खूबसूरत गलियां और स्थान बड़े पर्दे पर नजर आएं।

#### स्मृति और पलाश, दोनों इंदौर में

पलाश ने बताया कि महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना इस समय इंदौर में चल रहे वीमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रही हैं। 19 अक्टूबर को भारत-इंग्लैंड का मैच यहीं खेला जाएगा। पलाश ने कहा कि वे स्टेडियम जाकर भारतीय टीम और स्मृति का मनोबल बढ़ाएंगे।


#### 'राजू बैंड वाला' फिल्म में दिखेगा इंदौर

पलाश मुछाल इन दिनों अपनी नई फिल्म 'राजू बैंड वाला' का निर्देशन कर रहे हैं। यह फिल्म बैंड बजाने वालों के जीवन, संघर्ष और भावनाओं पर आधारित है। इसमें 'पंचायत' फेम चंदन रॉय मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अविका गौर नायिका हैं।

फिल्म में कई सितारे कैमियो करेंगे और संगीत जगत के कलाकार बैंड उद्योग को ट्रिब्यूट देंगे। पलाश ने कहा कि वे हमेशा साफ-सुथरी, विषय प्रधान और संदेश देने वाली फिल्में बनाना चाहते हैं।

# जुबीन पर भड़काऊ पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

- पुलिस का आरोप मौत से जुड़ा एडिटेड वीडियो बनाया
- पूछताछ में जुर्म कबूला



असम के नगांव जिले में 27 साल के इंजमुल हक को सोशल मीडिया पर गायक जुबीन गर्ग की मौत से जुड़ा भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कि पूछताछ में आरोपी ने माना कि उसने यह वीडियो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म से क्लिप लेकर खुद एडिट किया और उसमें भड़काऊ टिप्पणियां जोड़कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।

मामले की जानकारी मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को दी। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, नगांव के टेलिया बेबेझिया से 27 साल के मोहम्मद इंजमुल हक को 15 अक्टूबर को अपने फेसबुक पर जुबीन गर्ग की मौत से जुड़ा विवादित वीडियो पोस्ट करने के आरोप में पकड़ा गया है।

पुलिस ने कहा कि आरोपी इंजमुल हक, रोवसोत उद्दीन का बेटा है और वह जूरिया थाना क्षेत्र के टेलिया बेबेझिया गांव का रहने वाला है। उसने सोशल मीडिया पर एक एडिट किया हुआ वीडियो डाला था, जिसमें गायक जुबीन गर्ग की मौत से जुड़ी भड़काऊ बातें कही गई थीं।

सिंगर जुबीन की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से मौत हो गई थी। उस वक्त जुबीन नाव में कुल 17 लोगों के साथ सवार थे।

#### सिंगापुर पुलिस बोली- जुबीन की मौत स्वाभाविक

सिंगापुर पुलिस ने प्रारंभिक जांच में जुबीन की मौत को 'स्वाभाविक' करार दिया है। भारतीय उच्चायोग को सौंपी रिपोर्ट में पुलिस ने कहा, 'कोई संदिग्ध गतिविधि या फाउल प्ले नहीं पाया गया है।'

हालांकि असम पुलिस की एसआईटी हत्या, आपराधिक षड्यंत्र के कोण से जांच कर रही है। इसी सिलसिले में एसआईटी 20 अक्टूबर को सिंगापुर जाएगी और पुलिस से मिलेगी।

# पंजाब में बड़ी साजिश रच रही ISI

- हथियारों की तस्करी में 5 गुना वृद्धि
- पाकिस्तान की बौखलाहट समझिए

**नई दिल्ली.** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के बीच पंजाब में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) एक बड़ी साजिश रच रही है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी में पिछले साल की तुलना में पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इस साल अब तक 362 हथियार जब्त किए जा चुके हैं जिनमें AK-47 राइफलें, ग्रेनेड और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेस (IEDs) शामिल हैं। वहीं 2024 में यह संख्या महज 81 थी।

#### पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा

सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह उछाल भारत की 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से उपजी पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा है, जिसमें भारत ने पाकिस्तान और PoK में स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। बताया जा रहा है कि कुल बरामद हथियारों में से करीब एक-तिहाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब्त किए गए हैं।

पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की सतर्कता से कई ISI-समर्थित तस्करी नेटवर्क्स को ध्वस्त किया गया है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। ड्रोन के जरिए हथियार और ड्रग्स की तस्करी में भी इजाफा देखा जा रहा है, जो पंजाब को अस्थिर करने की पाकिस्तानी कोशिशों का हिस्सा लगता है।

अब तक 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से कुछ को ड्रोन के जरिए गिराए गए हथियार इकट्ठा करते समय पकड़ा गया, जबकि अन्य लोग आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले प्राप्तकर्ता थे। तीन साल बाद पहली बार तीन AK-47 राइफलों की बरामदगी ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। इससे पहले अक्टूबर 2022 में छह AK-47 राइफलें बरामद की गई थीं।

#### पाक की साजिश में शामिल खालिस्तानी

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (DGP) गौरव यादव ने द ट्रिब्यून से बातचीत में कहा, "हमने सीमा पार से भेजे जा रहे अत्याधुनिक हथियारों की तस्करी को नाकाम किया है और कई आतंकी साजिशों को समय रहते विफल किया है।" उन्होंने बताया कि यह सफलता पंजाब पुलिस, काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट, स्पेशल सर्विस ऑपरेशन सेल, सीमा सुरक्षा बल (BSF) और केंद्रीय एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से संभव हुई है।

### नोएडा की डॉक्टर ने IPS पति व ससुराल वालों पर दर्ज कराई FIR

नोएडा में रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने अपने आईपीएस अफसर पति और सास-ससुर समेत 6 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और अन्य अपराधों के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले में शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, नोएडा के सेक्टर 128 निवासी डॉ. कृति सिंह ने अपने पति शिवांशु राजपूत के साथ उनके पिता, माता, भाई, भाभी और दो दोस्तों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिवांशु राजपूत 2019 बैच के कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं और बेंगलुरु में तैनात हैं। नोएडा सेक्टर 126 थाना एसएचओ भूपेंद्र कुमार ने बताया, "भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 85, 115(2), 352, 351(2), 3(5) और 316(2) के साथ-साथ दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3 और 4 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।"

महिला व बाल विकास विभाग,जिल्हा परिषद,ठाणे

email: cwdzp१६९.thane@gmail.com | दूरध्वनी क्रमांक- ०२२-२५३६९१२२

ISO ९००१:२०००

कार्यालयाचा पत्ता:- स्क्वेअर फिट होम्स, २ रा मजला प्लॉट नं.१०६/१०७ एस.जी.बर्वे रोड, जी.एस.टी भवन समोर, वागळे इस्टेट ,२२ नं. सर्कल, ठाणे (पश्चिम)-४०० ६०४

जा.क्र.ठाजिप/एबाविसेयो/मबावि/नियो-1/755/2025-26

दिनांक :-17/10/2025

जाहिर ई-निविदा

सुचना क्र.1

महिला व बाल विकास विभाग, जिल्हा परिषद, ठाणे सन 2025-26 या आर्थिक वर्षात शासकीय योजना अंतर्गत अंगणवाडी केंद्रातील 2 वर्ष ते 6 वर्ष वयोगटातील सर्वसाधारण मुले, मध्यम कमी वजनाची तसचे तीव्र कमी वजनाची मुले यांना पुरक पोषण म्हणून Natural Phospholipid Granules (NPG)Lecipro सॅचेट पुरविणे खरेदीसाठी उत्पादक किंवा रिपॅकींग पुरवठादारांकडून E-Tender व्दारे खाली नमूद केलेल्या संचेटची on-line निविदा मागवित आहेत. सविस्तर निविदा विषय माहिती https://mahatenders.gov.in/ या संकेतस्थळावर पहावयास उपलब्ध आहे. निविदा भरण्याची कार्यवाही ऑनलाईन करणे आवश्यक असुन ऑनलाईन निविदा सादर करणेची अंतिम मुदत दि. 30/10/2025 पर्यंत आहे.

सही/-
जिल्हा कार्यक्रम अधिकारी
महिला व बाल विकास
जिल्हा परिषद ठाणे

सही/-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिल्हा परिषद, ठाणे

# सबसे बड़े डिजिटल अरेस्ट स्कैम का भंडाफोड़

## संक्षेप...

### पूर्व पार्षद और उनके समर्थकों पर हमला

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली इलाके में एक पूर्व पार्षद और उनके दो समर्थकों पर शुक्रवार देर रात हमला हुआ। इस हमले में पूर्व पार्षद को हल्की चोटें आईं, जबकि दो समर्थक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, यह घटना बेतुरकरपाड़ा इलाके में हुई है। उमेश बोरगांवकर, जो पहले शिवसेना से पार्षद रह चुके हैं, अपने कार्यालय के पास मौजूद थे। उसी समय दो समूहों में झगड़ा हुआ। बोरगांवकर और उनके समर्थक झगड़ा सुलझाने पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन हमलावरों को यह बात नागवार गुजरी। इस दौरान जैसे ही उमेश बोरगांवकर और उनके समर्थक वापस कार्यालय लौटे, हमलावर पहले से घात लगाकर बैठे थे। उन्होंने उनकी गाड़ी को घेर लिया और पथराव शुरू कर दिया।

### ■ 40 दिन तक बंधक, 58 करोड़ ट्रांसफर..

**मुंबई.** देशभर में तेजी से बढ़ते डिजिटल अरेस्ट के मामलों के बीच मुंबई पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है. मुंबई पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर गुजरात-राजस्थान से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह गिरोह खुद को एटीएस और एनआईए अधिकारी बताकर मनी लॉन्ड्रिंग के नाम पर लोगों से ठगी करता था. इस गिरोह के खिलाफ 13 राज्यों में 31 से ज़्यादा मामले दर्ज हैं.

मुंबई के एक दो बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी की गई. पहला मामला 58 करोड़ की ठगी और दूसरा मामला 70 लाख की ठगी का है.डिजिटल अरेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट के स्वतः संज्ञान के बीच मुंबई से सामने ईए दोनों बड़े मामले डरा देने वाले हैं.

मुंबई में 72 साल के एक बिज़नेसमैन और उनकी पत्नी के साथ अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल अरेस्ट स्कैम सामने आया है. ठगों ने खुद को ED और CBI अफसर बताकर इस कपल को 40 दिनों तक मानसिक रूप से बंधक बना लिया और 58 करोड़ रुपये से ज़्यादा हड़प लिए. पीड़ित शख्स एक नामी इन्वेस्टर हैं. उन्होंने कई फार्मा कंपनियां शुरू की थीं और कई में ऊंचे पदों पर काम भी किया था. उनकी पत्नी भी काफी पढ़ी-लिखी हैं. दोनों बेहद समझदार और अनुभवी लोग थे, लेकिन इस साइबर गैंग ने इतनी चालाकी से जाल बिछाया कि वो फंस गए.

ठगों ने वीडियो कॉल पर फर्जी पुलिस स्टेशन और कोर्टरूम तक "रिक्रिएट" कर दिया था. हर दो घंटे में आरोपी कपल से "इंटरोगेशन" करते थे और उन्हें डराते रहते थे कि अगर बात किसी को बताई तो उन पर ED या CBI केस लग जाएगा. 29 सितंबर को उनके अकाउंट से आख़िरी ट्रांजैक्शन हुआ. इसके बाद



भी कपल को 11 दिन तक यकीन ही नहीं हुआ कि उनके साथ ठगी हो चुकी है. आखिरकार 10 अक्टूबर को उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

महाराष्ट्र साइबर ने अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है और कई बैंक अकाउंट्स से रकम बरामद की है. पुलिस ने करीब 6000 बैंक अकाउंट फ्रीज़ किए हैं, ताकि बाकी रकम भी रिकवर की जा सके. अधिकारियों के मुताबिक, ये अब तक का भारत का सबसे बड़ा व्यक्तिगत डिजिटल स्कैम है. कपल इतने बड़े मानसिक आघात में थे कि वे "एक्सट्रीम स्टेप" लेने की हालत में पहुंच गए थे. लेकिन पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई करते हुए कुछ ही दिनों में केस का बड़ा हिस्सा सुलझा लिया.

महाराष्ट्र एडीजी यशस्वी यादव ने बताया कि यह गिरोह इतना प्रोफेशनल था कि पढ़े-लिखे लोग भी इनके जाल में फंस गए. यह केस दिखाता है कि कोई भी डिजिटल ठगी से सुरक्षित नहीं है, चाहे वो कितना भी समझदार क्यों न हो.

#### 68 साल के बुजुर्ग से 70 लाख की ठगी

शिकायत के मुताबिक, दूसरे मामले में पनवेल (रायगढ़) के एक 68 वर्षीय बुजुर्ग को ठगा गया. पीड़ित को 25 सितंबर 2025 को दोपहर 3:57 बजे से लेकर 28 सितंबर 2025 तक फोन और व्हॉट्सऐप कॉल किए गए. कॉल करने वाले खुद को एटीएस, नई दिल्ली और एनआईए के अधिकारी बताकर धमकाने लगे कि उनका नाम मनी लॉन्ड्रिंग और पीएमएलए केस में आया है. उन्होंने कहा कि पीड़ित के बैंक अकाउंट फ्रीज़ कर दिए जाएंगे. इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित को वीडियो कॉल पर डराया और खुद को पुलिस अफसर बताकर जांच का नाटक किया. डरे हुए पीड़ित से कुल 70 लाख रुपये ठग लिए गए.

पुलिस की जांच और कार्रवाई

आर.ए.के. रोड पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से तकनीकी जांच शुरू की. जांच में करीब 15 बैंक खाते फ्रीज़ किए गए, जिनमें से 10.5 लाख रुपये की रकम जब्त की गई. पुलिस की तकनीकी जांच में सामने आया है कि गिरोह के कुछ सदस्य गुजरात और राजस्थान में छिपे हैं. इसके बाद एक विशेष टीम वहां भेजी गई. आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे, लेकिन पुलिस ने लोकेशन ट्रैक कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

#### देशभर में 31 शिकायतें दर्ज

जांच में सामने आया है कि इस गिरोह के खिलाफ अब तक देश के 13 राज्यों में 31 से ज्यादा साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज हैं. इनमें महाराष्ट्र, मुंबई, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, झारखंड, तेलंगाना, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल हैं.

पुलिस के अनुसार, आरोपी युवराज उर्फ मार्को गिरोह का मुख्य सरगना है, जो पिछले 2-3 साल से साइबर ठगी में सक्रिय है. बाकी आरोपी बैंक अकाउंट और सिम कार्ड की व्यवस्था करने का काम करते थे, जिससे ठगी को अंजाम दिया जाता था.

### महिला ने 16वीं मंजिल से कूदकर की खुदकुशी

**ठाणे.** ठाणे के घोड़बंदर रोड इलाके में एक महिला ने कथित रूप से 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली. मामला गुरुवार शाम का है. कसारवाडावली पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि महिला के परिवार के अनुसार, वह पिछले आठ वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी इलाज करा रही थी. पुलिस को परिवार द्वारा महिला के मेडिकल रिकॉर्ड भी सौंपे गए हैं.

कसारवाडवली पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक निवृत्ति कोल्हटकर ने बताया कि महिला पहले भी इसी तरह का आत्मघाती प्रयास कर चुकी थी. घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस ने इस घटना को लेकर आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है.

मृतका की पहचान और उसके पिछले मानसिक स्वास्थ्य इलाज के दस्तावेजों की समीक्षा की जा रही है. पड़ोसियों और परिवार के सदस्यों से पूछताछ के बाद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि घटना में कोई संदेहास्पद पहलू तो नहीं है.

## ठाणे मनपा ने स्वच्छ भारत अभियान में सभी विभागों के समन्वय से स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का निर्णय

### ■ मनपा आयुक्त सौरभ राव के सभी विभागों को निर्देश

**ठाणे.** मनपा ने स्वच्छ भारत अभियान में सभी विभागों के समन्वय से स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का निर्णय लिया है। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने निर्देश दिए हैं कि मनपा की सभी व्यवस्थाएँ अभी से काम करना शुरू कर दें ताकि अगले वर्ष स्वच्छ भारत अभियान के लिए होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में ठाणे शहर का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ हो।

अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी,अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, टीएमटी प्रबंधक भालचंद्र बेहरे, नगर नियोजन के सहायक निदेशक संग्राम कनाडे सहित सभी उपायुक्त, सभी



उपनगर अभियंता, सभी सहायक आयुक्त और सभी कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

इस बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की ओर से उपायुक्त मनीष जोशी और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे ने स्वच्छ भारत अभियान के लिए आवश्यक बातों, प्रारंभिक तैयारियों और सभी विभागों की जिम्मेदारियों पर एक प्रस्तुति दी।

मनपा क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखना हमारा मूल कर्तव्य है। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए, केंद्र सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान जैसी प्रतियोगिताओं और राज्य सरकार ने माझी वसुंधरा अभियान जैसी प्रतियोगिताओं की योजना बनाई है। हमें अपना काम गुणवत्ता के साथ करने की आवश्यकता है। दैनिक स्वच्छता, दिन में चार बार सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई, शौचालयों की आवश्यक मरम्मत, सुव्यवस्थित सड़कें, फुटपाथ, डिवाइडर, पार्क, इन सभी का शहर की स्वच्छता पर संयुक्त प्रभाव पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए, आयुक्त राव ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग इस अभियान के लिए अच्छे समन्वय के साथ काम करें।साथ ही शहर की स्वच्छता प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव का विषय बने। इसके लिए, मनपा के स्वच्छता दूतों को अपने उपस्थिति बॉक्स के आसपास के नागरिकों के साथ निरंतर संपर्क में रहना चाहिए। बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न करने वाले आवासीय परिसरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के कचरा पृथक्करण और निपटान परियोजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा की जानी चाहिए। नागरिकों को सभी स्वच्छता गतिविधियों में शामिल किया जाना चाहिए, यह अभियान केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसमें सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। इसके अलावा, शहर की स्वच्छता के सभी मानकों को पूरा करना संभव नहीं है, आयुक्त राव ने यह भी कहा।

### राजमार्ग पर डकैती की कोशिश नाकाम की, छह लोग गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे जिले में मुंबई-नासिक राजमार्ग पर वाहनों को लूटने की कथित साजिश रचने के आरोप में झारखंड के संदिग्ध नक्सलियों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा के संपत्ति प्रकोष्ठ ने मंगलवार शाम खारेगांव टोल बूथ के पास जाल बिछाया और झारखंड में पंजीकृत एक वाहन को रोका।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान पुलिस को पता चला कि हमलावर तीन आग्नेयास्त्रों, चार कारतूसों से लैस थे तथा उनके पास आमतौर पर राजमार्ग पर होने वाली हिंसक लूटपाट में इस्तेमाल होने वाली सामग्री थी, जिसमें लोहे की दरांती, काटने के औजार, मिर्च पाउडर, रस्सियां और छह मोबाइल फोन शामिल थे।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहें

### क्लिक करने से पहले सोचें कोपरी पुलिस का जन जागरूकता संदेश

**ठाणे.** आज के डिजिटल युग में, मोबाइल और इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। इस सुविधा के पीछे अब अपराध का एक नया चेहरा छिपा है। साइबर अपराध! एक गलत क्लिक या लापरवाही से शेयर किया गया संदेश व्यक्ति को आर्थिक, व्यक्तिगत और सामाजिक नुकसान पहुँचा सकता है।

युवा पीढ़ी को इन खतरों से अवगत कराने के लिए, कोपरी पुलिस स्टेशन द्वारा पीपुल्स एजुकेशन सोसाइटी और जूनियर कॉलेज एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आदेश दिया है और इसी के तहत 4 से 31



अक्टूबर तक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। पुलिस छात्रों को साइबर अपराधों की प्रकृति, उनके बढ़ते मामलों और उन पर नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर रही है।

कोपरी क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकर के मार्गदर्शन में आयोजित एक कार्यक्रम में, पुलिस ने छात्रों को बताया साइबर अपराधी अब आधुनिक तकनीक का दुरुपयोग करके लोगों को अपने जाल में फँसा रहे हैं। बैंक, आधार, सरकारी योजनाओं या लॉटरी के नाम पर आने वाले लिंक पर क्लिक न करें। अपना ओटीपी, कार्ड नंबर या व्यक्तिगत जानकारी किसी को न दें। अगर आपको कोई संदिग्ध कॉल, मैसेज या ईमेल मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।इस अवसर पर छात्रों को नए बीएनएस और बीएनएसएस कानूनों के साथ-साथ गुड टच और बैड टच जैसे विषयों पर भी संवेदनशील और उपयोगी जानकारी दी गई।

## गड्ढों में गिरने से युवक की मौत

### ■ मनपा प्रशासन बना तमाशबीन

**भिवंडी.** भिवंडी में गड्ढों में गिरने से एक 19 वर्षीय युवक राज निरंजन सिंह की दर्दनाक मौत हो गई.सड़क हादसे में हुई युवक की आकस्मिक मौत से परिजनों में भारी शोक फैला है.

मिली जानकारी के अनुसार,भिवंडी कल्याण मार्ग स्थित साईबाबा मंदिर उडानपुल के पास से बाइक से जा रहे राज निरंजन सिंह(19) अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से आरसीसी सड़क और प्योर ब्लाक के बीच हुए गड्ढे में गिर पड़े.गड्ढे में गिरने के दौरान ही अचानक तीव्र गति से आए कंटेनर गड्ढे में गिरे हुए राज सिंह को कुचलते हुए आगे निकल गया.उक्त हादसे में मौके पर ही राज सिंह की दर्दनाक मौत हो गई.मृतक राज सिंह अपने परिवार का इकलौता चिराग बताया जाता है.सड़क हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया.पुलिस ने पोस्टमार्टम की तमाम प्रक्रिया के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया.



विदित हो कि,भारी बरसात की वजह से भिवंडी शहर की अधिसंख्यक प्रमुख सड़कों सहित संपर्क मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे बन चुके हैं.सड़कों पर हुए गड्ढों में गिरकर लोग हाथ पांव टूटने से उपचार की मजबूरी झेलते हैं.मनपा प्रशासन अभी तक बारिश होने से गड्ढों के होने का हवाला शहरवासियों को देता रहा है.भिवंडी में किसी भी सड़क पर वाहन तो छोड़िए पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है.जागरूक लोगों का कहना है कि,मनपा प्रशासन को गड्ढों की दुरुस्ती पर ध्यान देना चाहिए.


### वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करने पर महिला को सजा

**ठाणे.** ठाणे जिले की एक अदालत ने एक नाबालिग लड़की को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करने के आरोप में 51 वर्षीय एक महिला को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त सेशन जज डी. एस. देशमुख ने आरोपी काजल बाबू चंदन को आईपीसी, अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम, 2012 के तहत कई गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराया। पंद्रह अक्तूबर के आदेश की एक प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 30 मार्च, 2022 को सामने आई.

## दिवाली का आनंद स्वास्थ्य, सुरक्षा और जागरूकता का प्रतीक है

**ठाणे.** दिवाली का त्योहार खुशी, रोशनी और एकजुटता का प्रतीक है। इस त्योहारी मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही ज़रूरी है।

दिवाली के उत्साह में, पटाखों से चोट लगने, जलने, सांस लेने में तकलीफ, अपच और दुर्घटनाओं की घटनाएँ बढ़ती देखी जा रही हैं। इसलिए, ज़िला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने अपील की है। त्योहार मनाएँ, लेकिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। दिवाली का असली आनंद तन, मन और समाज, तीनों के स्वास्थ्य को बनाए रखना है। पटाखे खुशी तो लाते हैं, लेकिन अक्सर



दुर्घटनाएँ, जलन या आँखों में चोट का कारण बनते हैं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष ध्यान रखना चाहिए। ज़्यादा मिठाई खाने से बचें, क्योंकि त्योहार के उत्साह से पेट दर्द या मधुमेह नहीं बढ़ना चाहिए।ठाणे सिविल अस्पताल प्रशासन ने दिवाली के दौरान नागरिकों को कुछ ज़रूरी निर्देश दिए हैं।

> ठाणे सिविल अस्पताल प्रशासन ने आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली हैं और नागरिकों से किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अस्पताल से संपर्क करने की अपील की है। ठाणे सिविल अस्पताल के माध्यम से हर नागरिक तक सुरक्षित, सतर्क और शांतिपूर्ण दिवाली का संदेश पहुँचाया जा रहा है।
>
> -डॉ. कैलाश पवार
> (जिला शल्य चिकित्सक, ठाणे)

पटाखे जलाते समय सुरक्षित दूरी बनाए रखें, आँखों में कुछ चला जाए तो घरेलू उपचार किए बिना तुरंत डॉक्टर से सलाह लें, छोटे बच्चों और अस्थमा के रोगियों को धुएँ और प्रदूषण से दूर रखें, साथ ही संतुलित आहार लें और पर्याप्त नींद लें। ₹हर नागरिक को त्योहार मनाते समय अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। दिवाली का असली प्रकाश स्वास्थ्य का प्रकाश है। इसलिए आइए, हम प्रदूषण-मुक्त, दुर्घटना-मुक्त और स्वस्थ दिवाली मनाएँ।

## कपिल शर्मा के कैफे पर तीसरी बार फायरिंग

### ■ लॉरेंस गैंग की धमकी- गोली कहीं से भी आ सकती है

### ■ कनाडा में है कैप्स कैफे



एक्टर कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैप्स कैफे पर एक बार फिर फायरिंग हुई है। यह तीसरा मौका है, जब कपिल के कैफे को निशाना बनाया गया है। फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गोल्डी ढिल्लों और कुलवीर सिद्धू नेपाली ने ली है।

फायरिंग के बाद लारेंस गैंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उसने अपने पोस्ट में लिखा- वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह। आज जो (Kaps Caffe, सरे) में तीन बार फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी मैं, कुलवीर सिद्धू और गोल्डी ढिल्लों लेते हैं। हमारी आम जनता से कोई दुश्मनी नहीं है। जिनसे हमारा झगड़ा है, वो हमसे दूर रहें। जो लोग अवैध (दो नंबर का) काम करते हैं, लोगों से काम करवा कर पैसे नहीं देते, वो भी तैयार रहें। जो भी बॉलीवुड में धर्म के खिलाफ बोलते हैं, वो भी तैयार रहें। गोली कहीं से भी आ सकती है। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह।

#### इसी साल जुलाई और अगस्त में भी फायरिंग हुई

कपिल शर्मा का कैप्स कैफे कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सरे में है। इस पर जुलाई और अगस्त में भी फायरिंग हुई थी। अगस्त में हुई फायरिंग में कैफे की खिड़कियों में छह गोलियों के निशान और टूटा हुआ शीशा दिखाई दिया था।

तब लॉरेंस गैंग से जुड़े गोल्डी ढिल्लों का एक पोस्ट वायरल हुआ था, इसमें कपिल के कैफे पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली गई थी।

## ठाणे मनपा में 25 कर्मचारी स्थायी रूप से नियुक्त

**ठाणे.** मनपा में उत्तराधिकार से स्थायी रूप से नियुक्त 25 कर्मचारियों को हाल ही में स्थायी नियुक्ति दी गई। जनवरी 2025 से कुल 300 उत्तराधिकार अधिकार प्राप्त लोगों को मनपा की सेवा में स्थायी किया गया है। दिवाली के अवसर पर नियुक्ति पत्र मिलने से मनपा कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देशानुसार, मनपा आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में स्थापना विभाग ने एक विशेष अभियान चलाकर यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की है।



स्थापना विभाग के सभी कर्मचारियों ने एक विशेष अभियान चलाकर दस्तावेज़ पूरे किए। कर्मचारियों के उत्तराधिकारियों को समायोजित करने के लिए भर्ती प्रक्रिया बहुत ही पारदर्शी तरीके से की गई है। इन उत्तराधिकारियों में से कुल 25 कर्मचारियों जिनमें से 1 वर्ग 3 और 24 वर्ग 4 के लोगों को मनपा की सेवा में नियुक्ति पत्र दिए गए। इनमें से कुछ पत्र हाल ही में मनपा आयुक्त सौरभ राव द्वारा प्रतिनिधि रूप से दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदापुरे, कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप, स्थापना अधीक्षक रश्मि कांबली आदि उपस्थित थे। अब तक, कुल 300 कर्मचारी, जिनमें से 47 वर्ग 3 और 253 वर्ग 4 के हैं, को ठाणे मनपा की सेवा में उत्तराधिकार द्वारा नियुक्त किया गया है।

### टेलीविज़न एक्ट्रेस से 6.5 लाख रुपये की ठगी

**मुंबईः** मुंबई में रहने वाली एक 26 साल की टेलीविज़न एक्ट्रेस से कथित तौर पर 6.5 लाख रुपये की ठगी हुई। वह साइबर फ्रॉड ऑपरेशन का शिकार हो गई। धोखेबाज़ ने खुद को दिल्ली पुलिस का सिपाही बताया और उसे करीब सात घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। यह घटना इस हफ़्ते की शुरुआत में हुई और एक्ट्रेस के ओशिवारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद इसका पता चला।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीड़िता, जिसने कई बंगाली टेलीविज़न सीरियल और कुछ हिंदी शो में काम किया है, हाल ही में बॉलीवुड में करियर बनाने के लिए मुंबई आई थी। वह अभी जोगेश्वरी (वेस्ट) में रहती है। सोमवार को, उसे एक आदमी का फ़ोन आया जो खुद को मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर एग्जीक्यूटिव बता रहा था, उसने दावा किया कि उसका नंबर गैर-कानूनी बैंकिंग एक्टिविटीज़ से जुड़ा है और जल्द ही डीएक्टिवेट हो जाएगा।





**CHANGE OF NAME**

I Declare My Old Name **NEETA PATIL**
to New name **NITA PATIL.**
So All Public now call me New name **NITA PATIL.**

Add. SHIVSHAKTI NAGAR, CH NO 2, R NO 2, NR. VITHAL MANDIR, KHADEGOLIWALI, KALYAN EAST-421306





यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099